# इंडियन आर्मी चीफ रावत के बयान से डरा पाकिस्तान

**कोशिश**

## बाजवा के एक्सटेंशन के लिए फिर कर रहा जोड़-तोड़

पाक ने आर्मी चीफ कमर जावेद बाजवा के सेवा विस्तार की कोशिशें फिर तेज कर दी हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। इमरान खान सरकार ने आर्मी चीफ जनरल कमर जावेद बाजवा के सेवा विस्तार से जुड़े सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिका दाखिल की है। उल्लेखनीय है कि कोर्ट ने तीन साल के सेवा विस्तार के सरकार के आदेश पर रोक लगाते हुए सिर्फ 6 महीने के अतिरिक्त कार्यकाल को मंजूरी दी थी। पाक सरकार बाजवा (59)के एक्सटेंशन की कोशिश में ऐसे समय में लगी हुई है जब भारतीय सेना के चीफ जनरल बिपिन रावत ने कहा था कि पाक के साथ लगती सीमा पर हालात बिगड़ सकते हैं और हमारी सेना किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए तैयार है। ऐसा लग रहा है जैसे पाकिस्तान



भारतीय सेना चीफ के बयान से डरा हुआ है। सुप्रीम कोर्ट की याचिका में लिखा गया है, श्पाकिस्तान पांचवीं पीढ़ी के युद्ध की तरफ जा रहा है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून्श के मुताबिक, पाकिस्तान के कानून व न्याय मंत्री फारोग नसीम ने इस बात की पुष्टि की है कि सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को चुनौती दी है। दरअसल, कानून के तहत पाक सरकार को 28 दिसंबर तक पुनर्विचार याचिका दाखिल करनी थी। इमरान सरकार कैमरे की निगरानी में सुनवाई की अपील करने वाली है।

मीडिया से बातचीत में फारोग ने गुरुवार को कहा कि शीर्ष अदालत ने संविधान में निहित कुछ प्रावधानों पर विचार नहीं किया है। बता दें कि इमरान खान सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा होने का हवाला देते हुए बाजवा को तीन साल का एक्सटेंशन दिया था। हालांकि, 28 नवंबर को शीर्ष अदालत ने छह महीने का ही सेवा विस्तार दिया और सरकार से पूछा कि वह यह साबित करे कि इसने आर्मी चीफ के सेवा विस्तार का विवादित फैसला क्यों किया।

### पाक सेना ने की टू नेशन थ्योरी की हिमायत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। भारत में सीएए और एनआरसी के विरोध में चल रहे प्रदर्शनों के बारे में पाकिस्तानी नेता अकसर ऊट-पटांग बयान देते रहे हैं और वे लोगों को उकसाने की कोशिश करते रहते हैं। अब पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल कमर बाजवा ने भी कुछ ऐसी ही बात कही है। उन्होंने कहा कि आज के समय में टू नेशन थ्योरी ज्यादा सही साबित हो रही है। दरअसल यह सिद्धांत कहता है कि धर्म के आधार पर देश अलग-अलग होने चाहिए। बुधवार को मोहम्मद अली जिन्ना की 143 जयंती के मौके पर बाजवा ने कहा, श्दो राष्ट्र के सिद्धांत के आधार पर पाकिस्तान का गठन करने की जिन्ना की सोच आज और अधिक स्वीकार्य वास्तविकता है।

## न्यूज डायरी



### रॉकेट की आवाज सुन बेंजामिन नेतन्याहू ने बीच में ही छोड़ी रैली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** यरुशलम। इजरायल के हमले में इस्लामिक जेहाद कमांडर के मारे जाने के बाद उधर से अकसर मिसाइल अटैक हो जाता है। ऐसे में न केवल इजरायल की जनता में भय है बल्कि प्रधानमंत्री को भी रॉकेट की आवाज सुनकर रैली छोड़कर भागना पड़ा। गाजा की ओर से रॉकेट दागे जाने के सायरन की आवाज आने के बाद इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार शाम को एक रैली बीच में ही छोड़ दी। वह अगले दिन होने वाली पार्टी की प्राइमरी के लिए प्रचार कर रहे थे। हाल के महीनों में ऐसा दूसरी बार हुआ है जब रॉकेट की आवाज सुनने के बाद उन्हें कोई कार्यक्रम बीच में ही छोड़ना पड़ा हो। गौरतलब है कि गाजा में इस्लामिक कमांडर को मारने के बाद उधर से 200 मिसाइलें दागे गए थे जिनमें कई नागरिकों की मौत हो गई थी।

### लौट आए माइकल जैक्सन? फैन बोले, करवाया जाए डीएनए टेस्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यू यॉर्क। किंग ऑफ पॉप कहे जाने वाले माइक जैक्सन के फैन आज भी मानने को तैयार नहीं हैं कि उनका निधन हो चुका है। उनके एक हमशक्ल के बारे में लोगों का कहना है क वह खुद माइकल हैं। स्पैन के एक कलाकार सर्जियो कोर्ट्स का एक फुटेज वायरल होने के बाद लोग यह भी अपील करने लगे हैं कि उनका डीएनए टेस्ट करवाया जाए। लोगों को कहना है कि हो सकता है माइकल जैक्सन पहचान छिपाकर रह रहे हों। थाइलैंड में एक कार्यक्रम के दौरान सर्जियो इस रूप में दिखाई दिए थे। उन्होंने कहा था, श्हलो, माइकल जैक्सन के फैन्स, आप मुझे 23 दिसंबर को पट्टाया में होने वाले कार्यक्रम में देख सकते हैं। हालांकि सर्जियो देखने में जैक्सन से कम उम्र के लगते हैं। सर्जियो की टिप्पणी के बाद जैक्सन के फैन पागल हो उठे।

### 'फनफोन' तूफान से फिलीपीन में 16 लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मनीला। मध्य फिलीपीन में क्रिसमस के दिन दूरदराज के गांवों और लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में तबाही मचाने वाले भीषण तूफान 'फनफोन' के कारण कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई है। प्राधिकारियों ने मध्य फिलीपीन में 16 लोगों की मौत होने की पुष्टि बृहस्पतिवार को की। 195 किलोमीटर की रफ्तार से आया यह तूफान मकानों की छतें उड़ा कर ले गया और फिलीपीन में बुधवार को विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। इस तूफान के कारण इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं अब भी बाधित हैं। फनफोन के कारण हुई तबाही का बृहस्पतिवार सुबह तक पूरा आकलन नहीं हो पाया। आपदा एजेंसी के अधिकारियों ने बताया कि विसायास में गांवों और कस्बों में कम से कम 16 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। इस तूफान के कारण बोराके, कोरोन और अन्य पर्यटन स्थलों पर भारी नुकसान हुआ है। मध्य फिलीपीन में इस तूफान के कारण लाखों लोगों के क्रिसमस के जश्न पर विराम लग गया। पुलिस ने बताया कि एक के बाद एक कई द्वीप तूफान की चपेट में आते गए।

### पोप फ्रांसिस की अपील, दुनियाभर में खत्म हों सशस्त्र संघर्ष

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वेटिकन सिटी। पोप फ्रांसिस ने दुनिया के कई अशांत क्षेत्रों के लिए शांति की अपील की। उन्होंने पश्चिम एशिया, वेनेजुएला और लेबनान सहित कई अफ्रीकी देशों में चल रहे सशस्त्र संघर्ष को समाप्त करने की भी अपील की। 83 वर्षीय पोप ने वेटिकन में अपने पारंपरागत क्रिसमस संदेश में कहा, 'प्रभु यीशु पश्चिम एशिया और विश्व के विभिन्न देशों में युद्ध से पीड़ित अपने कई बच्चों को मार्ग दिखाएं।' उन्होंने कहा, 'वह अपने प्यारे सीरियाई लोगों को राहत दें जहां पिछले दशक से जारी संघर्ष अब भी समाप्त नहीं हो रहा है।' उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि उस क्षेत्र के लोगों के शांति एवं सुरक्षा के साथ रहने के लिए समाधान ढूंढें। उन्होंने लेबनान में संकट के समाधान के लिए 'उरबी इट ओरबी' (टू द सिटी ऐंड द वर्ल्ड) भाषण का प्रयोग किया।

## इजराइल ने दिया हमले का जवाब, सैन्य विमानों ने गाजा पर बरसाए बम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** यरुशलम। गाजा पट्टी की ओर से रॉकेट दागे जाने के बाद इजराइल के सैन्य विमान ने बुधवार को गाजा पट्टी पर हवाई हमले किए। सेना ने यह जानकारी दी। उसका कहना है कि हमास के कब्जे वाले गाजा पट्टी से रॉकेट दागे जाने के बदले में उन्होंने यह हमला किया है। इससे पहले गाजा की ओर से रॉकेट दागे जाने के सायरन की आवाज आने के बाद इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार शाम को एक रैली बीच में ही छोड़ दी थी। वह अगले दिन होने वाली पार्टी की प्राइमरी के लिए प्रचार कर रहे थे। हाल के महीनों में ऐसा दूसरी बार हुआ है जब रॉकेट की आवाज सुनने के बाद उन्हें कोई कार्यक्रम बीच में ही छोड़ना पड़ा हो। इजराइल की सेना ने एक वक्तव्य में कहा, 'गाजा पट्टी से इजराइल क्षेत्र की ओर प्रक्षेपास्त्र दागा गया जिसे आयरन डोम रक्षा प्रणाली ने रोक लिया।'

इसमें कहा गया कि प्रक्षेपास्त्र दागने के बाद फलस्तीन एनक्लेव के निकट और दक्षिणी शहर अश्केलॉन में सायरन बजने लगे। अश्केलॉन में ही प्रधानमंत्री रैली कर रहे थे। इजराइल के सरकारी प्रसारणकर्ता केएएन11 ने तस्वीरें जारी की जिसमें सुरक्षा गार्ड नेतन्याहू को 'रेड अलर्ट' के बारे में बताता नजर आ रहा है।



**यूरोपीय परिषद के शीर्ष अधिकारी ने ब्रिटेन को लिखा लव लेटर**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ब्रसल्ज के एक शीर्ष अधिकारी ने यूरोपीय संघ से अलग होने पर अपना दुख जाहिर करते हुए ब्रिटेन को लव लेटर लिखा है। इसमें लिखा गया है कि आपकी वापसी का स्वागत किया जाएगा। यूरोपीय कमिशन के वाइस प्रेजिडेंट फ्रांस टिमरमैन्स ने गुरुवार को एक अखबार में अपने आर्टिकल में लिखा, मैं अब आपको जानता हूं। और मैं आपसे प्यार करता हूं। वह आगे लिखते हैं, जिसके लिए आप हैं और जो आपने मुझे दिया है। मैं पुराने प्रेमी जैसा हूं। मैं आपकी मजबूती और कमजोरी को जानता हूं। आपने जाने का फैसला किया।

## अफगानिस्तान के उत्तरी काबुल में आत्मघाती धमाके में 6 सैनिकों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■किसी ने भी उस समय तत्काल हमले की जिम्मेदारी नहीं ली
■3 सैनिक भी घायल

काबुल। अफगानिस्तान के उत्तरी काबुल में एक शक्तिशाली आत्मघाती कार बम धमाके में अफगानी सेना के 6 सैनिकों की मौत हो गई। यह घटना गुरुवार की बताई जा रही है। रक्षा मंत्रालय ने पुष्टि करते हुए इस घटना के पीछे तालिबान का हाथ बताया है। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने कहा, विद्रोहियों के एक समूह ने बल्ख प्रांत में सुरक्षा बलों पर अचानक गोलियां बरसाने लगे हालांकि किसी ने भी उस समय तत्काल हमले की जिम्मेदारी नहीं ली।

अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने आगे कहा , इस आतंकवादी हमले में तीन सैनिकों के भी घायल होने की खबर है। बल्ख प्रांत के राज्यपाल के प्रवक्ता ने कहा, सुरक्षा बलों और हमलावरों के बीच कई घंटो तक युद्ध चला जिसके बाद आतंकियों ने कदम पीछे खींच लिए। तालिबान पिछले कुछ दिनों से बाल्क में सक्रिय है। मंगलवार को भी तालिबान ने दौलताबाद के आर्मी चेक प्वॉइंट पर हमला किया था जिसमें 7 अफगानी जवानों के मारे जाने और 6 के घायल होने की खबर थी।

इस हमले की जिम्मेदारी लेते हुए तालिबान के प्रवक्ता जबिउल्लाह मुजाहिद ने कहा , बागियों ने अफगानी सैनिकों को पकड़ने के साथ-साथ उनके हथियार और गोला बारूद भी जब्त कर लिए। तालिबान इस समय आधे से ज्यादा अफगानिस्तान पर कब्जा कर चुका है और वहीं आए दिन अफगान और अमेरिकी सेना पर हमले करता रहता है।

तालिबान यह हमला उस समय कर रहा है जब अमेरिका 18 साल पुरानी दुश्मनी को खत्म करने के लिए शांति वार्ता कर रहा है। अफगानिस्तान के नागरिक भी तालिबान के द्वारा सड़क में लगाए बम धमाकों में अपनी जान गंवा चुके हैं।

### सू ची की पार्टी के अधिकारी की म्यांमार के रखाइन क्षेत्र में हत्या

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** म्यांमार। यंगून आंग सान सू ची के राजनीतिक दल नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी के एक अधिकारी की रखाइन राज्य में हत्या कर दी गई। उसे 11 दिसंबर को अगवा किया गया था। इसी दिन सू ची ने 'द हेग' में म्यांमार के खिलाफ नरसंहार के आरोपों पर देश का बचाव करना शुरू किया और उक्त अधिकारी सू ची के समर्थन में प्रदर्शन की योजना बना रहा था।

नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी (एनएलडी) के ये थिन को रखाइन राज्य में और अधिक स्वायत्ता पाने के लिए संघर्ष कर रहे उग्रवादियों के संगठन अराकान सेना ने बंधक बनाया था। उग्रवादियों ने कहा कि बुथिदाउंग कस्बे में एनएलडी इकाई के प्रमुख थिन की मौत क्रिसमस के दिन हुए सेना के हमलों में हुई। लेकिन एनएलडी के प्रवक्ता म्यो न्यूंट ने कहा कि अधिकारी की मौत का जिम्मेदार उग्रवादी समूह है। न्यूंट ने एएफपी से कहा, 'इस क्षति का एनएलडी के हम सभी सदस्यों को बहुत दुख है। सू ची के समर्थन में सभा करने में कुछ गलत नहीं था, यह कोई अपराध नहीं था।'